## एक नजर में

### स्वामी माधवानंद गिरि महाराज का चतुर्थ निर्वाण महोत्सव आज

**नर्मदापुरम।** परम पूज्य प्रात: स्मरणीय वन्दनीय सदगुरु देव,माधव संन्यास आश्रम संस्थापक ब्रह्मलीन काशी कैलाश पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री 108स्वामी माधवानन्द गिरि जी महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी शंकरानन्द गिरि ने बताया की 18 जुलाई को अभिषेक प्रात: 8 बजे से,संगीत सभा 10 बजे तथा श्रध्दांजली सभा 11बजे माधव संन्यास आश्रम, शनिवारा होली चौक नर्मदापुरम मे रखी गई है। हंस राय,केप्टिन करैया ने सभी गुरु भक्तो से महोत्सव मे उपस्थित होने की अपील की है।

### नि :शुल्क साईकिल वितरण

**पिपरिया** शासकीय उत्कृष्ठ माध्यमिक विद्यालय खापरखेडा में 39 विद्यार्थियों को साईकिल का वितरण किया गया। शा.उ.मा.वि.खापरखेडा में मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर कक्षा 6वीं के 6 पात्र विद्यार्थियों एवं कक्षा 9वीं के 33 पात्र विद्यार्थियों को पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्चना अनिल साहू के मुख्य आतिथ्य,खापरखेडा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल की अध्यक्षता,किसान मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पटेल, अनिल साहू,जनपद सदस्य सीताराम पटेल,हुकुम कुशवाहा, शाला प्राचार्य यमुना गुप्ता की उपस्थिति में साईकिल का वितरण किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन के पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पं.दिनेश कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया आभार एमके गढवाल ने व्यक्त किया।

### कृत्रिम बुद्धिमता और डिजिटल कौशल पर कार्यशाला का आयोजन

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में कृत्रिम बुद्धिमता और डिजिटल कौशल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहीद भगतसिंह पीजी कालेज के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विश्व युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विश्व युवा कौशल दिवस की 10वीं वर्षगांठ पर विद्यार्थियों को इस वर्ष के विषय कृत्रिम बुद्धिमता एआई और डिजिटल कौशल के विषय में जानकारी प्रदान करना था।

# मूंग तुलाई से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम



नवभारत न्यूज

**माखननगर, 17 जुलाई 2025** समिति द्वारा तौलाई की धीमी गति एवं सर्वेयर की तय नियमों से अधिक सख्ती के चलते किसानों ने नर्मदापुरम पिपरिया मार्ग को जाम कर दिया। किसानों का आरोप था कि जिस गति से तौलाई की जा रही है उस गति से तो बड़े किसान अपनी पूरी उपज तुला ही नहीं पाएगी और शासन की खरीदी डेट निकल जाएगी। वहीं सर्वेयर द्वारा ज्यादा सख्ती के चलते तीन बार पंखा लगने के उपरांत भी उपज को अमान्य किया जा रहा है। वहीं कहीं तो पहले पास की गई उपज को तुलाई के दौरान कैंसिल किया जा रहा है।उदय पांडे ने बताया कि कृषि उप संचालक जे आर हेड़ाऊ, डी एम ओ संजय यादव, वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के जिला अधिकारी वासुदेव दिवंदे, डी आर शिवम मिश्रा ने आश्वाशन दिया कि तीन की जगह सात कांटों से तुलाई की जाएगी, पंखा लगना अनिवार्य नहीं है खराब दिखने वाली उपज में पंखा लगाया जाएगा। जो उपज तीन पंखे लगने के उपरांत भी मान्य नहीं की गई तो तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर किसान की उपस्थिति में रिजेक्ट किया जाएगा।

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद खुला जाम

### 790 किलो मछली जप्त, 27 हजार रुपए से अधिक की राशि शासन मद में जमा

**नर्मदापुरम** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मछली पालन विभाग द्वारा 16 एवं 17 जुलाई 2025 को जिले में अवैध मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहन के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गठित दल द्वारा ग्राम डोंगरवाड़ा, सांवलखेड़ा, आंवलीघाट, खोकसर एवं तालनगरी सहित अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान 790 किलोग्राम मछली जप्त की गई, जिसे विधिसंगत प्रक्रिया के तहत 27 हजार 950 रुपए में नीलाम कर नीलामी में प्राप्?त राशि को शासन मद में जमा कराया गया। सहायक संचालक मत?योद्योग ने बताया कि कार्रवाई के दौरान आस-पास के मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहनकर्ताओं को जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी दी गई तथा अवगत कराया गया कि बंद ऋतु में अवैध मत्स्याखेट या परिवहन करने पर मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की।



# विधायक एवं नपा अध्यक्ष ने किया 11 लाख की सड़कों का भूमिपूजन




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 17 जुलाई** पुरानी इटारसी में 11-11 लाख रुपए की लागत से दो सड़कों का निर्माण होगा। आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने इन रोड निर्माण के लिए वार्ड 2 शुक्ला टॉवर के पास जमानी रोड में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री मुकेश मैना, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी, भाजपा के पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नगर मंडल इटारसी अध्यक्ष राहुल चौरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, पार्षद सभापति राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया, पार्षद राहुल प्रधान, वरिष्ठ नेता अशोक साकल्ले, अशोक दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक मालवीय, मंडल महामंत्री अतुल शुक्ला, सौरभ राजपूत, जितेंद्र मालवीय, विजय चौरे, प्रशांत मनवारे, रमेश धूरिया, अंकित मेहतो, अंशु यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, सहायक इंजीनियर मीनाक्षी चौधरी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि पुरानी इटारसी के विकास के लिए नगर पालिका लगातार योजना बनाकर काम कर रही है, आगे भी विकास कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहाकि पुरानी इटारसी ने हमेशा हमें विकास के लिए सहयोग किया है, हम भी हमारा कर्तव्य निभा रहे हैं। उन्होंने यहां की जनता को आश्वस्त किया है कि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ आगे भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जनता ने जो विश्वास किया है,उस कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# अजनाल नदी के पुल से एक फीट ऊपर आया पानी

नवभारत न्यूज

**हरदा, 17 जुलाई** - बीती रात जिले मे हुई मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर आ गये। वनअंचल मे हुई तेज बारिश के कारण शहर से लगी अजनाल नदी का भी जल स्तर तेजी से बढ़ा और शहर की निचली बस्तियों मे पानी भराने लगा । अजनाल नदी मे पानी बढ़ने से नर्मदापुरम और खंडवा हाइवे का पुल भी डूब गया जिससे सड़क मार्ग पूरी तरह बंद हों गया, पेड़ी घाट पर बने मंदिर भी काफी हद तक जल मग्न हों गये। जिला प्रशासन ने निचली बस्तियों मे मुनादी कर लोगो को अपने अपने घर खाली कर सुरक्षित जगह पर जाने के लिया अनाउंसमेंट भी कर दिया है वही सभी पुल पुलियों पर एसडीआरएफ और पुलिसकर्मी भी तैनात कर दिए हैं जिससे किसी प्रकार की अनहोनी ना हो।



### हरदा में मटकुल नदी में बही पुलिस कर्मी की कार

सिराली थाने मे पदस्थ सब इंस्पेक्टर हेमंत पांडे की ड्यूटी जिला मुख्यालय पर लगी होने के कारण आज सुबह साढ़े चार बजे वह सिराली से हरदा आ रहे थे तभी ग्राम कनारदा के पास मटकुल नदी के पुल पर पानी होने के बाबजूद वह अपनी कार से नदी पार कर रहे थे। पुल पर पानी अधिक होने से उनकी कार बीच नदी मे बंद हों गई। पुलिस कर्मी पांडे समझदारी दिखाते हुए कार छोड़कर बाहर निकल गया। जिससे उसकी जान बच गई। और देखते ही देखते उनकी कार पानी मे डूब गई। हालांकि घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही वहा ग्रामीण इकट्ठा हों गये और ट्रेक्टर की मदत से कार को बाहर निकाला लिया। पुलिस कर्मी हेमंत पांडे ने बताया की वह सिराली थाने मे पदस्थ हैं.

### तवा बांध के गेट जुलाई माह में खुल सकते हैं ?

**इटारसी।** तवा बांध के गेट जुलाई माह में खुल सकते हैं? इस सवाल का जवाब वे लोग तलाश रहे हैं, जिनको इस मानसूनी मौसम में तवा बांध के गेट से गिरते पानी को निहारने जाना है, जो लोग तवा बांध के पास पिकनिक और सैर-सपाटा के लिए जाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के लिए फिलहाल जवाब देना मुश्किल है। तवा बांध में अभी जुलाई माह के गवर्निंग लेबल का पानी आने में करीब दो फिट पानी की जरूरत है, जैसे पचमढ़ी, बैतूल जिले में बारिश हुई है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि जुलाई माह के अंत होने से पूर्व ही यह लेबल मिल जाएगा। बावजूद इसके बांध के गेट खुलेंगे? जवाब यही है कि फिलहाल नहीं। अभी पॉवर हाउस को बिजली बनाने पानी दिया जाएगा, और यदि तवा बांध में पानी आने की रफ्तार तेज रही और यह लगातार बनी रही तो संभवत- बांध प्रबंधन बांध के गेट खोलने का निर्णय ले। गत दिवस सुबह 8 बजे बांध में जलस्तर 1155 .60 तक पहुंचा है.

### रैनी डे स्पर्धा आयोजित

**पिपरिया** बेरशेवा इंटरनेशलन स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्र छात्राओं के बीच रैनी डे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रैनी डे प्रतियोगिता के अवसर पर बच्चो द्वारा उत्साहपूर्व भाग लिया। विभिन्न प्रकार की वेशभूषा परिधानो में आये बच्चो ने श्रेष्ठ होने के लिये क शकश संघर्ष किया और प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया।

# एक निजी कॉलेज संचालक की पोस्ट पर माहौल गर्माया

नवभारत न्यूज

**हरदा, 17 जुलाई 2025** पशुपालन पत्रोपाधि संबंधित एक निजी महाविद्यालय के संचालक राजीव खरे की फेसबुक पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर माहौल गरमा गया। फेसबुक पोस्ट में मुर्गा मुर्गी प्रजाति का नाम नर्मदा रखने का श्रद्धालुओं के द्वारा जमकर विरोध किया। पोस्ट की जानकारी से आहत नार्मदीय ब्राह्मण समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने गुरुवार को मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू को सौंपा।सौंपे ज्ञापन में बताया कि मां नर्मदा हम सबकी आराध्य है। मुर्गा मुर्गी की प्रजाति का नाम नर्मदा होने से सभी श्रद्धालुओं की भावना आहत हुई है। ज्ञापन के माध्यम से मुर्गा मुर्गी की प्रजाति का नाम नर्मदा हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है। ज्ञापन सौंपते समय नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर, संदीप पाराशर,ट्रस्टी संजय काशिव, ऋषि पारे, दीपक शुक्ला, समीर साकल्ले, संजय पाराशर, हरिमोहन शर्मा,नमन शर्मा, कमल सोनी,शंकर शर्मा, सुनील भायरे सहित नगर के अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



# नगर के ऐतिहासिक तिलभांडेश्वर मंदिर में हो रही अमृत रस वर्षा



नवभारत न्यूज

**सिराली,** नगर के ऐतिहासिक प्रसिद्ध तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में पुण्य पावन श्रावण माह में पंडित दिनेश दाधीच के मुखारविंद से 14 जुलाई से अमावस्या तक 11 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।कथा अमृत रस वर्षा के साथ विधि विधान से कथा एवम् मंत्रोचार के साथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया जा रहा है। पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक एवम् कथा का यह लगातार पांचवां वर्ष है । जिसमें नगर की बहने प्रतिदिन हिस्सा लेकर मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाती है उनका अभिषेक पूजन कर उनका श्रृंगार कर भोग लगाकर आरती की जाती है तत् पश्चात विषर्जन किया जाता है। पंडित ज्योतिषाचार्य दिनेश दाधीच द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग का पूजन अर्चन एवं अभिषेक करवाया जा रहा है। मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाने की प्रक्रिया के दौरान शिव महापुराण एवम् आध्यात्मिक प्रवचन की अमृत रस वर्षा पंडित दिनेश जी के मुखारविंद से होती है। इस पावन पुण्य आयोजन में नगर की महिलाए पुण्य लाभ प्राप्त कर रही है ।इस धार्मिक आयोजन में नगर के सम्मानिय भक्तो के द्वारा मिट्टी एकत्रित करना उसे छान कर शिवलिंग बनाने योग्य बनाना एवं शिवलिंग के अभिषेक पूजन आरती के पश्चात उन्हें नदी में ले जाकर विसर्जन करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। इस आयोजन में समस्त नगरवासी मातृशक्ति एवं मंदिर समिति का विशेष योगदान मिल रहा है।

### मधुरता, विनम्रता संगठन की मूल भावना -मंजू बांगड़

**पिपरिया** - अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ पिपरिया पहुंची व सामाजिक बंधुओं से आव्हान किया कि समाज हित में झुककर अहम् को त्याग कर सबको साथ लेकर कार्य करे। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा माहेश्वरी भवन नर्मदा कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ सामाजिक गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आपने सर्वप्रथम कहा कि समाज हित में झुककर अहम् को त्याग कर सबको साथ लेकर कार्य करे। मधुरता, विनम्रता हमारे संगठन की मूल भावना है मीठा बोलकर हम अच्छा काम सबको साथ लेकर कर सकते हैं जरूरी नहीं की हम मीठा खिलाकर ही सभी को खुश करें ।काम ऐसा करो की पहचान बन जावे हमारा काम करने का उद्देश्य सार्थक हो तो सफलता मिलती है आदर्श समाज सेवा के भाव को चरितार्थ रखता है। बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण कार्यशाला लगायें.

# एसटीआर में नर तेंदुए की मृत्यु

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/17,जुलाई,2025/** गत दिवस सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सोहागपुर उप ईकाई अंतर्गत उत्तर रानीपुर बीट (कक्ष क्रमांक 221), वनपरिक्षेत्र बागड़ा में एक नर तेंदुए की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। इस गंभीर घटना की जानकारी मिलते ही एनटीसीए नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। साथ ही डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं आस-पास के क्षेत्र में गहन छानबीन की गई।

घटना के पश्चात तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मृत नर तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम के समय डॉ. वन्यप्राणी चिकित्सक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व गुरुदत्त शर्मा, प्राणी संरक्षण ट्रस्ट डॉ. प्रशांत देशमुख, शासकीय पशु चिकित्सक माखननगर डॉ. सिद्धार्थ बाडिवा उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। सहायक संचालक सतपुडा टाइगर रिजर्व ने बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मृत तेंदुए के शव का विधिपूर्वक भस्मीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती राखी नंदा, उप संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती ऋषिभा नेताम, सहायक संचालक सोहागपुर उप ईकाई श्री अंकित जामोद, परिक्षेत्र अधिकारी बागड़ा श्री विलास डोगरे, श्रीमती स्वीटी चौहान गारमाटा सोहागपुर, एनटीसीए प्रतिनिधि के स्थान पर सरपंच ग्राम मोहगांव श्री विशाल मालवीय, वन्यप्राणी विशेषज्ञ डॉ. गुरुदत्त शर्मा एवं डॉ. प्रशांत देशमुख सहित अन्य अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में संपन्न हुई। उक्त घटना के संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21066/10 दिनांक 16.07.2025 को दर्ज किया गया है तथा जांच की प्रक्रिया नियमानुसार जारी है।

### किसानों के मुआवजे की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

**नर्मदापुरम** आम आदमी पार्टी (आप) की नर्मदापुरम इकाई ने जिला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय के नेतृत्व में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।आप के ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय ने बताया की सिवनी मालवा विधानसभा इटारसी तहसील के अंतर्गत आने वाले केसला ब्लॉक के ग्राम चांदकिया में एक डेम का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें जनजातीय वर्ग (आदिवासी) सहित अन्य किसानों की भूमि को जल परियोजना विभाग ने अधिग्रहण किया है, उक्त अधिग्रहित की हुई भूमी का मुआवजा किसानों को नहीं मिला है, जिससे उनकी अजीविका में भारी आर्थिक संकट गहरा गया है। भूमि का तत्काल और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# जीवन को नशे से मुक्त रखना ताकि हम साधना, शक्ति, भक्ति कर सकें

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 17 जुलाई** सिवनी मालवा के मां नर्मदा तट आंबलीघाट में रामधाम खेड़ापा का चातुर्मास सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आषाढ़ शुक्ल एकादशी से प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे से 9.30 बजे तक वाणी पाठ व प्रवचन एवं दोपहर में 01 बजे से 4 बजे तक कथा संध्या आरती एवं नाम जप अनुष्ठान कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम में हजारों रामस्नेही भक्त सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे है। रामधाम खेड़ापा राजस्थान के संत गोविंद दास जी महाराज ने बताया कि संतवाणी के प्रचार प्रसार का उद्देश्य एवं समाज में नशे की जो प्रवृत्ति बढ़ रही है उसके रोकथाम के लिए एवं एकनिष्ठता और समाज में एकता के दृष्टिकोण से चतुर्मास का आयोजन हो रहा है। गुरूवाणी पर चर्चा, नाम दीक्षा के बारे में चर्चा 25 दिन तक उसके बाद में 29 जुलाई को महाराज जी का प्राकृटय उत्सव है। श्रावण शुक्ल पंचमी नाग पंचमी के दिन गुरु महाराज प्राकृटय उत्सव के अवसर पर चिकित्सा कैंप वल्ड डोनेशन कैम्प लगेंगे.


Presiding Officer: श्री यतीन अग्रवाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000054/2025)

नवरंगी उर्फ नौरंगी यादव ................वादी

Vs

सर्वसाधारण..........प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दिनांक - 18/08/2025

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र.

यह कि प्रार्थी नवरंगी उर्फ नौरंगी यादव द्वारा सर्वसाधारण के विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 17 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**यतिन अग्रवाल**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खंड के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त
न्यायाधीश इटारसी ,जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :-आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 34

**कृपया ध्यान दें-**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


# गांवों की दुकानों में वाहनों से दी जा रही अवैध शराब



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 17 जुलाई** एक और तो प्रदेश में नशे के विरुद्ध आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति स्वस्थ सुरक्षित समाज के लिए आव्हान किया जा रहा है परन्तु सिवनी मालवा में गाँव- गाँव में शराब बेची जा रही है जिससे युवाओं में नशे की लत बढ़ती ही जा रही है। सिवनी मालवा तहसील क्षेत्र में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। नियमों को ताक पर रखकर शराब ठेकेदार द्वारा चारपहिया दो पहिया वाहनों के जरिए गाँव-गाँव में शराब पहुंचाकर खुलेआम बिक्री की जा रही है। इस अवैध कारोबार को रोकने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है, वह मौन साधे बैठे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में शराब ठेकेदार द्वारा निजी वाहनों से गांवों में शराब पहुंचाई जाती है। ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से शराब की बिक्री के लिए चारपहिया वाहनों को चलती फिरती दुकान बना दिया गया है। इन वाहनों में बैठकर कर्मचारी गांव के चौराहों और गलियों में शराब गाँव की दुकानों पर देते दिखाई दे रहे हैं। शराब देते हुए वायरल विडियो में साफ़ दिखाई दे रहा है की ग्राम लोखरतलाई में एक चारपहिया वाहन से शराब ठेकेदार के लोग दुकान पर शराब बिक्री के लिए दे रहे है। स्थानीय रहवासियों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया की यहाँ प्रतिदिन शराब से भरी हुई गाड़ी आती है और दुकानों पर शराब देकर जाती है।इन दुकानों के कारण युवा पीढ़ी तेजी से शराब की गिरफ्त में आ रही है। कई बार ग्रामीणों द्वारा पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। इससे स्पष्ट है कि इस पूरे खेल में अधिकारियों की मिलीभगत भी हो सकती है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत शराब की बिक्री केवल लाइसेंसी दुकानों के परिसर में ही की जा सकती है, वाहन से या खुले में बिक्री पूरी तरह अवैध है। क्या आबकारी विभाग और पुलिस को इस अनियमितता की जानकारी नहीं है? ग्रामीणों ने मांग की है कि इस अवैध शराब विक्रय पर तत्काल रोक लगाई जाए और शराब ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है।

इस सम्बंध में आबकारी उपनिरीक्षक हेमंत चौकसे ने बताया की आबंटित दुकान के अलावा अन्य स्थानों से शराब की बिक्री करना पूर्णत- गलत है। मेरे पास भी अभी विडियो आया है जिसमे कुछ लोग चारपहिया वाहन से पेटियां उतारते दिखाई दे रहे है। पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली महोत्सव

हरदा :- सावन का महिना हरियाली पर्व माना जाता है। इसी बात को ध्यान में रखकर मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा हरदा एंव अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन हरदा के संयुक्त तत्वाधान में हरियाली उत्सव शहर के माधव वाटिका में मनाया गया ।जहा भगवान श्री राम के मंदिर में प्रभु राम एवं शंकर जी की पूजन अर्चन भोग लगा कर सावन के गीत गाये। पर्यावण सुरक्षा को बनाये रखने के लिये फलदार पौधे जाम , अनार , ऑवला , आम , नीबू, बेलपत्र का रोपण किया गया । सावन माह के आगमन पर सावन के झूले डाले गये .जिसमें झूलकर महिलाओं ने श्री कृष्ण राधा रानी के भजन गाये। महासभा मीटिंग में पदाधिकारियों में माया सिंहल , आभा अग्रवाल , रासमणी अग्रवाल , प्रेरणा अगवाल , सुनीला गोयल , शिल्पा बंसल, सपना अग्रवाल , सुनीता अग्रवाल ने समाज की एकता बनाये रखने पर बल दिया। वहीं रुबी अग्रवाल , नमिता अग्रवाल , दीप्ती अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल , नीतिका , शैला अग्रवाल ने महासभा के कार्यो को बसूबी सम्भाला एवं कार्यो में निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आई महिलाओं ने बर्थडे पार्टी में नेक कार्य करने की बात कही।